तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 25 मार्च 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 शिक्षकों और बच्चों के होली मिलन समारोह में हुई रंगों की बारिश



12 छात्र-छात्राओं ने जमकर खेली होली, लगाया गुलाल



## खबर संक्षेप



### टोनहीडबरी में नहीं होता होलिका दहन

**रसेला।** प्रदेश से लेकर गांवों तक जहां लोग होलिका दहन की तैयारी में जुटे हुए थे, वहीं विकासखण्ड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर पर स्थित ग्राम टोनहीडबरी में सदियों से चली आ रही परंपरा आज भी कायम है। यहां पर होलिका दहन नहीं किया जाता। टोनहीडबरी के ग्राम पटेल बिसेराम ठाकुर, भारत ध्रुव, सालिकराम ध्रुव, संतराम ध्रुव, कार्तिक राम ध्रुव आदि ने बताया कि होलिका दहन से गांवों में अनिष्ट होने के कारण गांव के पूर्वजों ने इसे गंभीरता से लेते हुए इस पर्व पर होलिका दहन की प्रथा को सदैव के लिए त्याग दिया है। इसी के चलते लोग गांव में होलिका दहन नहीं करते हैं। मालूम हो कि यहां के ग्राम प्रमुख लोग हालिका दहन करने टोनहीडबरी के आश्रित ग्राम रक्सी में आते हैं। ग्राम टोनहीडबरी में होलिका दहन नहीं होता मगर रंग उत्सव मनाया जाता है।

### होली मिलन समारोह आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम नाहनबिरी विधायक निवास पैरी सदन में होली पर्व के अवसर पर सोमवार को सुबह 10 बजे विधायक जनक ध्रुव के उपस्थिति में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारणी रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने देते हुए बताया होली पर्व के अवसर पर विधायक जनक ध्रुव के निवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त कांग्रेसजन,कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयुआई, सेवादल, पिछडा वर्ग एवं सभी क्षेत्रवासियों को शामिल होने की अपील की गई है।

### मड़ेली में मानसगान सम्मेलन 29 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली में भव्य मानसगान सम्मेलन 29 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। 28 मार्च को गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। ग्रामीण जन तैयारी में लगे हुए हैं। 31 मार्च तक चलने वाले राम कथा को श्रवण पान करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग एकत्र होने की अपील की गई है। सम्मेलन में दूर - दूर से ख्यातिप्राप्त मानस मंडली भाग ले रही है। बजरंग बली मंदिर प्रांगण में भव्य पंडाल लगाया जायेगा। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। ग्राम में बहुत सालों बाद भी गायत्री परिवार के सदस्यों के द्वारा तथा ग्रामवासियों के सहयोग से गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

# शुभ मुहूर्त पर जलाई होली, लोगों ने किया पूजन, उड़ाए रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के चौक-चौराह में रविवार को शुभ मुहूर्त में होलीका दहन किया गया। होलिका दहन करने के लिए भद्रा का साया होने के चलते लोगों को रात साढ़े दस बजे तक इंतजार करना पड़ा। इसके बाद 74 मिनटों का शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया।

रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक होली की धूम रही। लोगों में त्यौहार को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। लोग अपने अपने ढंग से इस पर्व को मनाने तैयारी पूरी किए हैं। नशे में चूर रहकर पर्व को मनाने वाले शराब प्रेमियों का शराब दुकान में भारी भीड़ देखने को मिली, वहीं सादगीपूर्ण तरीके से और परिवार के साथ रंग गुलाल की होली खेलने के शौकीन लोगों की भीड़ मिठाई दुकानों से लेकर रंग गुलाल व पिचकारी दुकानों में देखने को मिली। त्यौहार को लेकर युवाओं और पुरुषों में उत्साह तो है ही, लेकिन महिलाओं में भी इस पर्व को लेकर खासा उत्साह है। वे घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाने की तैयारी में जुटी हैं। रंग-गुलाल खेलने परिजनों, रिश्तेदारों का घरों में आना-जाना शुरू हो गया है। ऐसे में महिलाएं तरह-तरह के व्यंजन बनाकर तैयार कर चुके हैं। खासकर छत्तीसगढ़ी व्यंजन जिसमें अरसा, ठेठरी, खुरमी, मिच्चर, सलोनी तथा मैदा और रावा से बनने वाली कई तरह के व्यंजन सहित मिठाई में गुलाब जामुन भी बनाने में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसी तरह का उत्साह नजर आ रहा है। वहीं नगाड़ा और फाग गीतों में लोग सराबोर देखे जा रहे हैं।

## नगाड़ों और फाग की धुन पर थिरके युवा, जमकर खेली होली

### चौक-चौराह पर जली होली

शुभ मुहूर्त पर शहर के मोहल्ले और चौक-चौराह में होलिका दहन किया गया। बच्चे सप्ताहभर से लकड़ी इक्कठा करने में जुट गए थे।



### दुकानों में देखी भीड़

होली पर्व को शुभनुमा बनाने शहर में जगह-जगह पिचकारी, रंग-गुलाल और रंग बिरंगे मुखौटों की दुकानों में बच्चों सहित बड़े लोग भी बड़ी संख्या में दिखायी दिये। बच्चों ने रंग खेलने के लिए पिचकारी खरीदी वहीं बड़े-बुजुर्ग रंग-गुलाल खरीदते देखे गए। कुछ लोगों का उत्साह मुखौटा लगाने की ओर देखा गया।

# हार्डवेयर और वेल्डिंग दुकानों में लगी आग, सामान खाक

## दो सिलेंडर के फटने से हुआ धमाका, देर रात घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





शहर के मंडी रोड स्थित दो दुकानों में देर रात आग लगने से लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर और वेल्डिंग दुकान में रखा सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ। रात होने से जनहानि तो नहीं हुई, पर दोनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना स्थल पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग के करीब नौ टैंकरों ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटना रात लगभग 2.30 बजे के आसपास बताई जा रही है।

**अग्निशमन विभाग के नौ टैंकरों के पानी से आग बुझाई**

सिलेंडर के धमाके और आग की ऊंची-ऊंची चपेट को देखकर शहर के लोग बड़ी संख्या में घटना स्थल की ओर दौड़े। लोगों ने तत्काल घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। विभाग ने दमकल वाहन को भी तत्काल घटना स्थल पर भेजा, लेकिन जब तक आग अपना विकराल रूप धारण कर चुकी थी। आग की चपेट से आसपास के लोग भी सहम गए। पड़ोसियों को समझ नहीं आ रहा था कि अब क्या होगा, लेकिन दमकल कर्मचारियों की कड़ी मेहनत से देर समय बाद आग पर काबू पाया गया।

विनोद पारवानी की रंग पेंट और हार्डवेयर दुकान की दूसरी मंजिल में आग की लपटें पहले दिखाई पड़ी। देखते ही देखते बगल की गुप्ता वेल्डिंग दुकान को चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखा 2 नग सिलेंडर ब्लास्ट हो गया और दुकान जलकर खाक हो गई।

### पांच लाख का सामान जलकर खाक

विदित हो कि हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से दुकानदार विनोद पारवानी को बड़ा झटका लगा है। दुकान में रखे लगभग 30 से 40 लाख रुपए का पेंट, वार्निस, प्लास्टिक तिरपाल, जाली सहित पेंट बनाने की मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो हो चुकी है और एक बड़ी क्षति दुकानदार को हुई है। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर व वेल्डिंग दुकान में भी आग की लपट पहुंची, जिससे वहां रखा घरेलू गैस सिलेंडर फट गया और एक बड़ा धमाका हुआ। रात होने से धमाके से जनहानि तो नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टला गया। वहीं दुकान में रखे लगभग पांच लाख का सामान जलकर खाक हो गया है। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि असल कारण जांच के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल एक बड़ी जनहानि होने से बच गई। घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

# अंचल में गांजे की बिक्री जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिगेंश्वर थाना अन्तर्गत ग्राम कुण्डेल में अवैध गांजा बिक्री जोरों से जारी है। होली त्योहार होने से की वजह से गांजा की डिमांड बढ़ गई है। वहीं पुलिस की कार्यवाही की दबिस के बाद बेचने वालो के द्वारा यह कह कर मोहल्ले में गाली गलौज करते हैं कि शिकायत किसने पुलिस से शिकायत की है। इसलिए कोई सामने आने की सहमति नहीं देते हैं। फिगेंश्वर थाना में नव पदस्थ टीआई फैजुल होदा शाह निर्देश पर ग्राम कुण्डेल में दीनबंधु सतनामी के घर में तलासी ली गई। लेकिन पुलिस के हाथ माल बरामद नहीं हुआ। फिर उसे थाना लाया गया और पुछताछ, चेतावनी व समझाईस देकर छोड़ा गया है। वहीं होली त्योहार होने से महूवा की कच्ची अवैध शराब की बिक्री भी इसी मोहल्ले में बढ़ गई है। पुलिस थाना प्रभारी फैजुल होदा शाह ने कहा कि घर की तलासी ली गई है। जहसं कोई ऐसा पदार्थ नहीं मिला। आगे इसी तरह से जांच जारी रहेगा। विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने कहा कि अवैध नशीली पदार्थ शराब, गांजा पर लगाम लगाने विधायक से आग्रह करगें और पुलिस अधीक्षक गरियाबंद से इस संबंध में चर्चा करेगें। क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जायेगा।

# नगर साहू समाज के राजेश बने कार्यकारी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



तहसील साहू संघ भाटापारा के समस्त परिक्षेत्रों एवं तहसील के पदाधिकारीयों द्वारा बैठक आहूत कर नगर साहू समाज भाटापारा के सुभाष वार्ड निवासी राजेश साहू को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नगर साहू समाज के वर्तमान अध्यक्ष नारायण साहू द्वारा लगातार समाज के विरुद्ध व अनैतिक कार्यों में संलिप्तता पायी गई, जिसके कारण नारायण साहू को पद मुक्त किया गया। इस तहसील स्तरीय बैठक में तहसील साहू संघ के सभी पदाधिकारियों के साथ सभी परिक्षेत्र के अध्यक्षों की उपस्थिति रही, जिसमें मुख्य रूप से चैतराम साहू, तहसील अध्यक्ष साहू संघ भाटापारा, सचिव घनाराम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष खूबीराम साहू, उपाध्यक्ष भरत साहू, कमलेश साहू, संयोजक भारत साहू, अंकेक्षक धनेश्वर साहू, सहदेव साहू अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र, तिहारु साहू अध्यक्ष तरेंगा परिक्षेत्र, कुलेश्वर साहू अध्यक्ष मोपका परिक्षेत्र, केशव साहू सचिव, कोमल साहू कोषाध्यक्ष, भोलाराम साहू कार्यकारी अध्यक्ष, देशीराम साहू, राकेश साहू एवं अन्य वरिष्ठ सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रहीं।

# न्योता भोज में बच्चों को परोसा फल, खीर और पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति न्योता भोज के तहत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला गुडेलिया संकुल केन्द्र मोपका में गुडेलिया उपसरपंच व सदस्य जिला खनिज संस्थान न्यास संकेत अग्रवाल के जन्म दिन पर छात्र-छात्राओं को न्योता भोज स्थानीय ग्राम के शाला प्रांगण में आयोजित किया। इसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में कुपोषण ना हो इसके लिये पोषक तत्व आहार के अंतर्गत फलहारी, खीर, पूरी का भोज कराया गया, जिसमें गांव के सरपंच लोकेश ध्रुव, पूर्व सरपंच अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, अतुल शर्मा, समीर मिश्रा, मोरजध्वज शर्मा, विष्णु ध्रुव, बद्री साहू, हेमंत ध्रुव, सुनील ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, बहोरन ध्रुव, खेमचंद, देवराम ध्रुव, मिथलेश निर्मलकर, दीपेश ध्रुव, विश्कर्मा अश्विनी, फागुदास मनिकपुरी, वेदराम ध्रुव, सूरज ध्रुव, पंचगण, मेट और ग्रामीण उपस्थित थे।

### न्योता भोज से बच्चों में बड़ा उत्साह



**सिमगा।** विकासखंड के शासकीय बालक शाला सुहेला में प्रधानमंत्री पोषण आहार कार्यक्रम के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन सिमगा बीईओ एसके गेंदले विकासखंड नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया। घरेलु आयोजन चुन्नी उपाध्याय परिवार द्वारा कराया गया। न्योता भोज में चावल, दाल, छोले, टमाटर की चटनी, जिमीकंद की सब्जी के साथ पापड़, केला, अंगूर, मिक्सचर तथा मिठाई में सभी छात्रों को पेड़ा परोसा गया। शाला में कुल दर्ज 107 में से 94 बच्चे न्योता भोज में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चुन्नी उपाध्याय, आनंद कुमार यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष, किरण कुमार वर्मा संकुल समन्वयक तथा संस्था के संस्था प्रमुख शशि वर्मा के साथ सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### बच्चों ने खाया न्योता भोज

**पलारी।** स्वर्गीय शिक्षक हेमंत वर्मा की स्मृति में उनके परिजन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला घिरघोल में शुक्रवार के दिन बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस मौके पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक शिव प्रसाद चतुर्वेदी, प्रहलाद वर्मा, घुरंघर, श्रीवास्तव, कार्तिक वर्मा, घनराम पटेल, पूरन जायसवाल, शिक्षिका लक्ष्मी देवांगन, वाष्पा बंजारे, नरेश साहू, बलदाऊ साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र और रसोईया उपस्थित थे।



## शिकारी के घर से 5 गोला बम, पैंगोलिंग छाल, 10 साही आंत सहित जंगली सुअर के दांत एवं जबड़ा जब्त

# वन्य जीवों का शिकार करने वाला शिकारी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





बार अभयारण्य एवं वन विकास निगम इन दिनों जंगल में बाघ की निगरानी ट्रैप कैमरा के माध्यम से कर रहा है। इसी दौरान निगरानी में लगा वन अमला को कैमरा में एक संदिग्ध व्यक्ति को 5 कुत्ते एवं औजार लेकर जंगल में विचरण करते देखा गया। इस पर वन विभाग को संदेह हुआ और उस व्यक्ति की पहचान की गई, जहां उसके घर से 5 नग गोला बम, पैंगोलिंग छाल,10 नग साही आंत सहित जंगली सुअर के दांत एवं जबड़ा जब्त किया गया है। इस मामले में दो अन्य लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

डीएफओ मयंक अग्रवाल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम को संदिग्ध शिकार के मामले में देर रात बड़ी सफलता हाथ लगी है। वर्तमान में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के अंतर्गत आने वाले बार अभयारण्य एवं वन विकास निगम के क्षेत्र में बाघ का विचरण विगत 4 मार्च से देखा गया है। उक्त संबंध में विभाग सतत गश्त एवं निगरानी कर रहा है। बाघ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 अंतर्गत शेड्यूल वन का प्राणी है, जिसे उच्च स्तर का संरक्षण प्राप्त है। एनटीसीए के प्रोटकाल अनुसार ट्रैप कैमरा में मध्यम से जंगल के अंदर बाघ की निगरानी विभाग द्वारा की जा रही थी। 21 मार्च को रात में 1.47 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति की फोटो शिकार के उद्देश्य से ट्रैप कैमरे के माध्यम से विभाग को प्राप्त हुई। कैमरा अनुसार व्यक्ति द्वारा 5 कुत्ते एवं औजार लेकर जंगल में विचरण करते देखा गया।

### दो अन्य लोग भी गिरफ्तार

पूछताछ एवं छानबीन में संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कौवाबहरा, पंचायत रवान निवासी 27 वर्षीय लोचन ठाकुर के रूप में हुई। विभाग द्वारा शनिवार को उनके घर जाकर विधिवित छापामार तलाशी ली गई, जिसमें 5 नग गोला, पैंगोलिन छाल, साही आंत पदजमेजपदम –10 नग, जंगली सुअर मास–1 किलो, 5 नग जंगली सुअर दांत एवं 1 नग जंगली सुअर जबड़ा प्राप्त हुआ, जिसे जब्त कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान ऋषि ठाकुर 35 वर्ष, शिव ठाकुर 33 वर्ष और महासिंग ठाकुर 60 वर्ष की भी समलिप्तता पाई गई है। विभाग द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए जब्त सामग्री के साथ न्यायलीन कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि ग्राम कौवाबहरा वन विकास निगम का क्षेत्र है, जिसमें लगातार बाघ सुरक्षा में लगे निरीक्षण टीम वन विभाग बलौदारबाजार द्वारा कार्रवाई की गई है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### जेसीआई ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ खेली होली

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड के सदस्यों ने मैक कॉलेज के कर्मचारियों के साथ होली मनाते हुए शानदार समय बिताया। सदस्यों ने उपहार साझा कर और उनके साथ नृत्य कर सभी के चेहरे पर मुस्कान ला दी। रंगारंग उत्सव के दौरान कर्मचारियों के साथ माहौल खुशी और हंसी से भरा हुआ था। यह सिर्फ रंगों के साथ खेलने के बारे में नहीं था, यह कॉलेज समुदाय के भीतर खुशी फैलाने और संबंध बनाने के बारे में था, लेकिन जश्न यहीं खत्म नहीं हुआ, सदस्यों ने चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ एक और जश्न भी मनाया। वे बुजुर्ग लोगों के साथ नाचे, खेले और साथ में खूब मस्ती की। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा, चैप्टर प्रभारी जेसी ऋषि पांडे, अध्यक्ष जेसी फरजान सिद्दीकी और सचिव रौनक बेंगानी, ईशान्या झा, कुसुम साहू और प्रगति चंद्रा उपस्थित थे।

### आने वाले त्योहार का किया वर्णन

**रायपुर।** मां महामाया देवी मंदिर-समलेश्वरी देवी के पुजारी पं. मनोज शुक्ला महाराज ने आने वाले व्रत, पर्व, उत्सव, त्योहार का वर्णन किया है। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को भाई दूज, 28 मार्च को चतुर्थी, 30 मार्च को रंगपंचमी, 1 अप्रैल शीतला अष्टमी, 5 अप्रैल को एकादशी व्रत, 6 अप्रैल प्रदोष व्रत, 7 अप्रैल को मास शिवरात्रि व्रत, 8 अप्रैल को सोमवती अमावस्या और 9 अप्रैल को नवरात्रि पर्व शुरू होगा। इसलिए किसी भी तरह के धार्मिक पूजा पाठ, अनुष्ठान, गृहप्रवेश, वास्तु पूजा, पितृदोष निवारण, श्रीमद भागवत महापुराण, शिवपुराण, देवीपुराण आदि कथा तथा हस्तलिखित जन्म पत्रिका बनाने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### वाहन चोर गिरफ्तार तीन बाइक जब्त

**रायपुर ।** अभनपुर थाना पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की गई 3 मोटरसायकल बरामद की गई हैं। आरोपी बुद्धिमान कोसरिया ग्राम पचेड़ा अभनपुर निवासी है। आरोपी ने एक वाहन अभनपुर क्षेत्र से एवं अन्य दो वाहन दूसरे थाना क्षेत्रों से चोरी किए थे। जब्त वाहन की कुल कीमत एक लाख 35 हजार रुपए आंकी गई है।

### आशीर्वाद भवन में आमसभा और स्थापना दिवस 5 को

**रायपुर।** सीनियर सिटीजन्स वेलफेयर फोरम द्वारा 5 अप्रैल को आमसभा और स्थापना दिवस मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 5 अप्रैल को सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और पूजन किया जाएगा, साथ ही राष्ट्रगीत कार्यक्रम होगा। इसके बाद सदस्यों का पंजीयन, सचिव द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुतिकरण, कोषाध्यक्ष द्वारा बजट प्रस्तुतिकरण, मुख्य अतिथि का उद्बोधन एवं 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों का सम्मान किया जाएगा।

# निजात से शहर को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों से मिल रही 'निजात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी पुलिस एसएसपी के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ निजात अभियान चला रही है। पुलिस ने अपने इस अभियान में सवा सात सौ आबकारी एक्ट के अपराध दर्ज कर 732 लोगों की गिरफ्तारी की है। इसके साथ ही गांजा सहित अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने महज 23 दिन में 12 इंटर स्टेट तस्करों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक मादक पदार्थों की अवैध खरीद बिक्री पर अंकुश लगाने से अपराध को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। मादक पदार्थों की अवैध खरीदी बिक्री पर रोक लगाने से युवा वर्ग को नशे की गर्त में जाने से बचाया जा सकता है।

## प्रतिबंधित मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में एक दर्जन इंटरस्टेट तस्कर

### पांच सौ लीटर से ज्यादा की शराब जब्ती

पुलिस ने गांजा के साथ शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। शराब तस्करी के 727 मामलों में 732 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पांच सौ लीटर से ज्यादा की देशी विदेशी मदिरा जब्त की है। इसी तरह से ट्रैफिक पुलिस ने 23 दिन में ड्रंक एंड ड्राइव के सवा सौ प्रकरण दर्ज कर वाहन जब्ती कर कोर्ट में पेश किया।



### सामाजिक संगठनों से जुड़ने की अपील

मादक पदार्थ को लेकर चलाए जा रहे निजात कार्यक्रम में एसएसपी ने सामाजिक संगठनों से जुड़ने की अपील की है। साथ ही लोगों को मादक पदार्थ से दूर रहने जन जागरूकता अभियान चलाए जाने की बात कही। पुलिस ने जिन 12 इंटर स्टेट तस्करों को गिरफ्तार किया है, उनमें ओडिशा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश के तीन-तीन तस्कर शामिल हैं। इसी तरह से उत्तराखंड तथा पंजाब के दो तस्करों को पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### 23 दिन में दो क्विंटल गांजा जब्त

पुलिस ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए महज 23 दिन में एक क्विंटल 86 किलो गांजा जब्ती की कार्रवाई की है। पुलिस ने गांजा तस्करी के 20 मामलो में एक दर्जन इंटर स्टेट तस्करों के साथ 25 लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बदमाशों के धमतरी के साथ जगदलपुर में भी घटना को अंजाम देने की आशंका

# माना डकैती में शामिल बदमाश पांच महीने से सक्रिय अलग-अलग शहरों में घटना को दे रहे अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना बस्ती में एक सप्ताह पूर्व डकैती की घटना को सुलझाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। माना डकैती की घटना को सुलझाने पुलिस राज्य के अलग-अलग शहरों में इसी पैटर्न पर हुई वारदात के बारे में जानकारी हासिल कर बदमाशों के बारे में पतासाजी कर रही है, लेकिन पुलिस को अब तक कोई विशेष सफलता हाथ नहीं लगी है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक माना में डकैती डालने वाले तथा दो घरों में वारदात को अंजाम देने की कोशिश करने वाले बदमाश राज्य में पांच माह से सक्रिय होकर अलग-अलग शहरों में घटना को अंजाम दे रहे हैं।

गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व माना बस्ती के एक छोर में बसे प्रत्यक्ष चंद्राकर के मकान में धावा बोलते हुए तीन बदमाश घर के अंदर दाखिल हुए। घर के अंदर दाखिल होने के बाद बदमाशों ने प्रत्यक्ष तथा उनकी पत्नी के कमरे को बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद बदमाश प्रत्यक्ष की मां के साथ मारपीट करते हुए उन्हें बंधक बनाकर घर में रखी नकदी 40 हजार रुपए सहित 15 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर पुलिस, फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ डॉग स्क्वाड की टीम पहुंची, लेकिन उन्हें बदमाशों के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं मिल पाई।

हरिभूमि फॉलोअप


घटना की स्थिति को देखते हुए बदमाशों द्वारा रेकी करने की आशंका
स्वीडन में रहने वाली बेटी के होने वाले बच्चे के लिए संजोए जेवर भी डकैतों ने नहीं छोड़े
अपने बचाव को देखते हुए खेत से सटे मकान को डकैती के लिए चुना
आठ साल का मासूम निकला मदद मांगने
बेटी की होने वाली है डिलीवरी उसके जेवर भी ले गए
भले सबकुछ ले जाओ, नुकसान मत पहुंचाओ
बदमाशों को दौड़ाया, लेकिन आशंका पर लौट आया

### पांच माह से सक्रिय हैं बदमाश

माना में डकैती की घटना के बाद पुलिस ने विवेचना के दौरान पाया कि बदमाशों ने पड़ोसी शहर धमतरी के साथ जगदलपुर में इसी पैटर्न पर घटना को अंजाम दिया है। उन घटनाओं में भी बदमाशों ने तीन से चार की संख्या में घर के अंदर प्रवेश कर घटना को अंजाम दिया है।

### दो वर्ष पूर्व इसी पैटर्न पर डकैती की घटना

टिकरापारा थाना क्षेत्र के देवपुरी में दो वर्ष पूर्व डकैती की घटना भी माना डकैती के पैटर्न पर हुई थी। घटना के पैटर्न को देखते हुए पुलिस आशंका जता रही है कि देवपुरी की घटना में शामिल बदमाशों ने ही माना बस्ती में डकैती की घटना को अंजाम दिया है। देवपुरी में भी बदमाशों ने जिस घर में डकैती डाली थी, वह घर भी कालोनी के अंतिम छोर पर था। साथ ही घटना को अंजाम देने के बाद बदमाशों के भागने के कई रास्ते थे। साथ ही जिस मकान में बदमाशों ने डकैती डाली थी, वह मकान भी खेत से सटा था।

### बदमाश इतने शातिर कि मोबाइल नहीं रखते

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक बदमाश लगातार लोकेशन बदल कर अलग-अलग शहरों में रह रहे हैं। बदमाशों के पास किसी तरह से मोबाइल नहीं होने की जानकारी पुलिस को मिली है, जिसकी वजह से बदमाशों को पुलिस ट्रेस नहीं कर पा रही है। इसे इत्तेफाक ही कहेंगे कि बदमाशों ने जिन जगहों पर वारदात की है, वहां से उनका जो सीसीटीवी फुटेज मिलना चाहिए, वैसा फुटेज पुलिस को नहीं मिला है।

### पांच अलग-अलग टीम जांच कर रही

एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर मामले की जांच करने पांच अलग-अलग टीम बनाई गई है। इनमें एक टीम सायबर सेल की है, जो बदमाशों के संबंध में अब तक जो डिजिटल डेटा मिले हैं, उसका एनालिसिस कर रही है। साथ ही एक टीम पड़ोसी राज्य के पुलिस अफसरों के संपर्क में है, उनके यहां पूर्व में इसी पैटर्न पर हुई घटना के बारे में जानकारी एकत्रित कर बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने का काम कर रही है।

# समाज के नवनिर्माण के लिए नशामुक्ति जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- होली में नशे से दूर रहने लोगों को दिलाया संकल्प

नशामुक्ति महाभियान समिति द्वारा मोतीबाग चौक पर शनिवार को 'नशे की विरुद्ध' नशे की होली दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने हाथों नशे की होली का दहन किया। इस दौरान विधायक श्री मिश्रा ने लोगों को नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, बीते 26 साल से नशे के खिलाफ काम कर रहा हूं। नशामुक्ति अभियान के संयोजक भगवानू नायक, प्रभारी आशीष तांडी और उनकी टीम ने राजधानी रायपुर में नशे के खिलाफ जो बिगुल फूंककर समाज के युवाओं को एक नई दिशा देने का काम किया है, वह सराहनीय है। नशे से दूर रहने नशीली सामग्री की होली दहन करने से समाज को निश्चित ही इसका फायदा मिलेगा। हम सब मिलकर नशामुक्त समाज का स्थापना करेंगे और स्वस्थ समाज का निर्माण करेंगे। इसी दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, समाज के लिए नशा सबसे बड़ी समस्या और सबसे बड़ी चुनौती है, सामाजिक आंदोलन के माध्यम से नशामुक्ति मिलेगी और समाज का नवनिर्माण होगा, इसके लिए युवाओं को कमर कसने की जरूरत है। कार्यक्रम में किशोर महानंद, आशीष तांडी, देवदत्त साहू, रोहित नायक, राहुल हरपाल, जितेंद्र नायक, रवि सिंह, राजेश महानंद, पारस नायक, देवाशीष नायक, बिट्टू क्षत्रि, प्रमिला वर्मा, रमशिला साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मॉनिटरिंग में चूक रहा निगम रहवासी परेशान

# सड्डू कॉलोनी में चेंबर, नाली निर्माण में अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 9 छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल कालोनी सड्डू में नगर निगम द्वारा चेंबर और नाली निर्माण के दौरान कार्य में अनियमिता को लेकर कालोनी विकास समिति ने आवाज उठाई है। नये चेंबर बनाने ठेकेदार की मनमर्जी और लाइन सीधी नहीं होने जैसी समस्या की ओर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है। कालोनी विकास समिति के अध्यक्ष राम मौर्य का कहना है, निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर निगम प्रशासन को ध्यान दिया जाना चाहिए।

सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में नगर निगम नयी निकास नाली का निर्माण करवा रही है। पर निर्माण कार्य के दौरान साइट पर न तो जोन के संबंधित इंजीनियर रहते हैं, न ही निगम मुख्यालय से इसकी मानिटरिंग की व्यवस्था है, ऐसे में ठेकेदार निर्माण कार्य में गुणवत्ता को ताक में रखकर कार्य करवा रहा है। कालोनी विकास समिति के पदाधिकारियों ने जोन 9 आयुक्त के साथ ही निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा से बिंदुवार अपनी बात रखते हुए नाली व चेंबर निर्माण में कमियों की ओर ध्यान आकर्षित कराया है।



- कालोनी विकास समिति ने नालियों के बहाव, गहराई पर ध्यान देने मांग उठाई
- सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में नगर निगम नयी निकास नाली का निर्माण करवा रही

#### खामियां इस तरह

- नाली के बहाव को ठीक किये बिना केवल उसकी ऊंचाई बढ़ाई जा रही है।
- चेंबर लाइन को सीधा न बनाकर मकान मालिकों की सुविधा के हिसाब से घुमावदार बनाया जा रहा है।
- बहाव को सही दिशा में रखने की बजाय कहीं ऊपर, कहीं नीचे पाइप लाइन डाली जा रही है।
- चेंबर लाइन सीधी नहीं होने से बाद में सफाई करने में समस्या आयेगी।

# केमिकलयुक्त रंग-गुलाल से सजा बाजार, लैब नहीं इसलिए न ही जांच और न ही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली त्योहार के लिए राजधानी रायपुर का बाजार रंग-गुलाल से सजकर तैयार हो गया है। इस बाजार में हर रोज बड़ी संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं, जो दुकानदारों के विश्वास में रंग-गुलाल खरीदारी कर रहे हैं। इनमें कई दुकानदार ऐसे भी हैं, जो लोगों को अंधेरे में रखकर उन्हें केमिकलयुक्त रंग-गुलाल बेचकर जमकर मुनाफा कमा रहे हैं।

इस तरह के रंग-गुलाल के उपयोग से मानव के शरीर एवं आंखों को तो नुकसान पहुंचता है, साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इधर केमिकलयुक्त रंग-गुलाल की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अब तक न ही जिला प्रशासन ने कोई कदम उठाया है और न ही नगर निगम एवं पर्यावरण विभाग ने कोई पहल की है। ताज्जुब की बात यह है कि राज्य में रंग-गुलाल को बनाने की कई फैक्ट्रियां हैं। इन फैक्ट्रियों में रंग-गुलाल निर्माण में केमिकल और कितना प्रतिशत उपयोग किया जाता है, इसकी तक जांच नहीं होती, जिसका फायदा रंग-गुलाल के व्यवसायी उठा रहे हैं।

#### आंख एवं त्वचा के साथ पर्यावरण को भी नुकसान



#### चर्मरोग-आंखों को ज्यादा नुकसान

केमिकलयुक्ल रंग-गुलाल से सबसे ज्यादा लोगों के शरीर पर पड़ता है। इससे आंखों में तेज जलन के साथ चर्मरोग होता है। इससे बचने के लिए लोगों को रंग-गुलाल खरीदने में खुद को सावधानी बरतनी होगी।

#### जांच का प्रावधान नहीं

केमिकलयुक्त रंग-गुलाल के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उनके लैब में विभिन्न दवाइयां और खाद्य पदार्थों की जांच की जाती है। रंग-गुलाल के जांच का कोई प्रावधान ही नहीं है, इसलिए सैंपलिंग और जांच की जिम्मेदारी उनकी नहीं है।

#### शिकायत आएगी तो करेंगे कार्रवाई

*केमिकलयुक्त रंग-गुलाल का निर्माण संबंधी अगर किसी फैक्ट्री के खिलाफ या दुकान में बेचने की शिकायत आएगी तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई कराएंगे।*

*- **विश्वदीप**, सीईओ जिला पंचायत रायपुर*

#### जांच के लिए राज्य में एक भी लैब नहीं

रंग-गुलाल की जांच के लिए राज्य में एक भी लैब नहीं है। इसका फायदा रंग-गुलाल के व्यवसायियों को मिल रहा है। रायपुर सहित राज्य के कई जिलों में रंग-गुलाल की फैक्ट्रियां हैं। इन फैक्ट्रियों में विभिन्न ब्रांड के नाम के रंग-गुलाल का निर्माण किया जाता है। निर्माण के बाद फैक्ट्रियों से डिमांड के अनुसार राज्य के कई जिलों के अलावा दूसरे राज्यों के थोक व्यवसायियों को ऑर्डर के अनुसार इसकी सप्लाई भी होती है, जबकि नियमानुसार फैक्ट्रियों में तैयार हो रहे रंग-गुलाल की जांच होनी चाहिए। जांच में केमिकल का प्रकार, मात्रा आदि की जांच होनी चाहिए।

#### हर साल करोड़ों का कारोबार

होली में हर साल राज्य में रंग-गुलाल का करोड़ों का कारोबार होता है, वहीं रायपुर जिले में भी 10 करोड़ से अधिक का कारोबार होता है। इसमें केमिकलयुक्त रंग-गुलाल का भी करोड़ों का कारोबार होता, जिसका फायदा फैक्ट्री मालिकों से लेकर थोक एवं चिल्हर व्यवसायियों को होता है।

# भविष्यनिधि सदस्य के लाभार्थी को ईडीएलआई और पेंशन भुगतान

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन अपने भविष्यनिधि सदस्यों व पेंशनरों को सहज, सरल, सुलभ एंव घर पहुंच सेवा प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर एवं समर्पित है, जिसका उदाहरण क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ने प्रस्तुत किया है। नियोक्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंडरिया में मृतक सदस्य स्व. मोतीलाल कौशिक, एनआरसी अटेडेंट के पद पर संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे, जिनकी आकस्मिक मृत्यु सेवाकाल में 27 जुलाई 2023 को हो गई थी, उनकी पत्नी की मृत्यु प्रसव के समय 10 दिसंबर 2022 को छह माह पूर्व ही हो चुकी थी। उनका एक ही पुत्र लुकेश कौशिक जिसका जन्म 2 दिसंबर 2022 को हुआ था, जिसका लालन-पालन वर्तमान में उसके दादा सुखदेव कौशिक द्वारा किया जा रहा है। उक्त मृत्यु प्रकरण में क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के क्षेत्रीय भविष्यनिधि आयुक्त एवं कार्यालय प्रभारी अभिषेक कुमार ने संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। कार्यालय ने भविष्यनिधि भुगतान के रूप में सदस्य के एक साल के पुत्र लुकेश कौशिक के पालक दादा सुखदेव के खाते में 1,17,440 रुपए तथा ईडीएलआई लाभ के रूप में 4,88,560 रुपए भुगतान किया, जो कि 19 मार्च को को उनके खाते में जमा हो चुका है।

# बस्तर संसदीय क्षेत्र में मतदान का समय निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्रथम चरण में 19 अप्रैल को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा,बीजापुर एवं कोंटा में 19 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

## बस्तर फाइटर्स के घायल जवानों को 15-15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चुनाव कार्य में नियोजित बस्तर फाइटर्स के दो जवानों के चुनाव कार्य के दौरान नक्सल वारदात में घायल होने पर छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार 15-15 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जा रही है।




### 22 मार्च को हुई थी घटना

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्रथम चरण के निर्वाचन पूर्व बस्तर लोकसभा क्षेत्र के बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स एवं सीआरपीएफ सुरक्षाबलों द्वारा संयुक्त रूप से सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। 22 मार्च को थाना अरनपुर एवं सरहदी जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा तथा जिला बीजापुर के थाना गंगालुर क्षेत्र में संयुक्त नक्सल गश्त सर्चिंग के दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के 2 आरक्षक घायल हुए हैं। दोनों आरक्षकों को जगरगुण्डा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर किया गया है।

# धूमधाम से मनाई शहीद हेमू कालाणी की जयंती

**रायपुर।** क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति की ओर से कचहरी चौक पर शनिवार को शहीद हेमू कालाणी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय एवं विशिष्टजनों ने मंच पर उपस्थित होकर देश के वीरों की जयंती एवं बलिदानों पर अपने विचार व्यक्त किए। समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा, त्रिलोकचंद चिमनानी, अनेश बजाज, प्रेम बिरनानी, भरत पमनानी ने चौक व मूर्ति को पुष्पमाला से बहुत ही सुंदर रूप से सजाया व संवारा। इस दौरान प्रसाद व जल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम संत युधिष्ठिर लाल महाराज, गोस्वामी आनंदपुरी साहिब, अम्मा मीरा देवी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के दौरान लेखक प्रेम तनवानी द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन संस्थापक त्रिलोकचंद चिमनानी ने पुस्तक एवं वीडियो अतिथियों के माध्यम से किया। कार्यक्रम में महेश दरयानी, अच्चूमल गावरी, अशोक नैनवानी, अशोक मखीजा, अजीत वाधवानी, लक्ष्मण जगवानी, अमित जीवन, अनूप मसंद, विकास रूपरेला, बलराम पी. आहूजा, महेश आहूजा, राजेश वाधवानी, गुरनामल रोहरा, राजू झामनानी, मनोहर ठकरानी आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन 26 को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद का होली मिलन कार्यक्रम 26 मार्च मंगलवार को दोपहर 12 बजे परिषद भवन में आयोजित किया गया है। फाग गीत के साथ होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक कुमार शास्त्री ने परिषद के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने दी है।

### गोंड़ समाज का होली मिलन व शपथ ग्रहण 29 को

**अंवरी।** कुरुद गोंड़ समाज विकास समिति जिला धमतरी का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह 29 मार्च को सुबह 11 बजे से आदिशक्ति मां अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल के सभाहाल परिसर में आयोजित किया गया है। जिले के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला गोंड़ समाज के संरक्षक जीवराखनलाल मरई शपथ दिलाएंगे। सचिव उदय नेताम ने सामाजिक बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। उक्त समिति में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी आदेश के तहत समिति की अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी होंगी। समिति के सदस्य के तौर पर अपर कलेक्टर जी.आर.मराकम, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शब्बीर हुसैन, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी उपेन्द्र चन्देल, पत्रकारगण सुभाष साहेब, मेघराज ठाकुर और सहायक सूचना अधिकारी, जिला जनसम्पर्क कार्यालय अमित कुमार नुणीवाल को समिति में सदस्य सचिव के तौर पर शामिल किया गया है।

### निगम आयुक्त ने किया फिल्टर प्लांट निरीक्षण

**धमतरी।** शहर के नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण पानी घर तक पहुंचाने निगम आयुक्त विनय कुमार प्रतिबद्ध है। उन्होंने 1 महीने में चौथी बार फिल्टर प्लांट का दौरा किया, जिसे वहां कार्य कर रहे कर्मचारी मुस्तैदी से कार्य कर रहें। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान निगम टीम भी साथ थी। फिल्टर प्लांट में उपकरण का बेहतर होना और इसमें उपयोग किए जाने वाली सामग्री पर्याप्त मात्र में समय से पहले उपलब्ध करने अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही फिल्टर प्लांट में फिल्टर मीडिया की हो रही मरमत कार्य को देखा।

### परिक्षेत्र साहू समाज बानगर ने बनाया समर कैंप के लिए कार्ययोजना

**कुरूद।** कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील कुरुद के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू एवं परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के अध्यक्ष प्रेमचंद साहू व महासचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला धमतरी मनोज कुमार साहू के मार्गदर्शन में कर्मचारी प्रकोष्ठ बानगर में बैठक रखी गई। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजन हेतु योजना बनाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड के बैठक में चर्चा की गई। उक्त बैठक में विभिन्न योजनाएं जैसे निशुल्क शैक्षिक एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर कक्षा नवमीं से प्रतियोगी परीक्षा के स्तर के विद्यार्थियों के लिए 01 से 31 मई तक आयोजित होगी । इसके साथ ही परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के प्रत्येक ग्राम में दो चरणों में कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधि आधारित समर कैंप का आयोजन होना है। जिसमें परिक्षेत्र के सभी 12 ग्रामों को 2 जोन में बांटकर दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में छुपी प्रतिभा का प्रस्फुटन कराना है। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा और नवमी से 12वीं कक्षा स्तर के बच्चों का शैक्षिक स्तर में वृद्धि करना है।

# प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को सशस्त्र सीमा बल केंवटी ने सिलाई मशीनें दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



सशस्त्र सीमा बल 33वीं वाहिनी केवटी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम सी. ओ. बी. तुमापाल में आयोजित किया गया । इस दौरान 23 फरवरी से 23 मार्च तक 45 ग्रामीण छात्रों को आईटीआई अंतागढ़ के माध्यम से करवाये जा रहे कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 ग्रामीण महिलाओं को आईटीआई भानुप्रतापपुर के माध्यम से करवाये जा रहे सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया तथा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र श्री महेंद्र कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट 33 वाहिनी केवटी द्वारा वितरित किया गया। सिलाई मशीन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र के अतिरिक्त सिलाई मशीन भी वितरित की गई ।

आज के कार्यक्रम के तहत वाहिनी की विभिन्न सी.ओ. बी. जैसे सी.ओ. बी. कोसरोंडा, तुमापाल तथा बर्रेबेडा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों को सोलर स्ट्रीट लाइट तथा सोलर लैम्प इत्यादि का भी वितरण किया गया I

इस अवसर पर मानव चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 33 वाहिनी केवटी के डॉ धीरज कुमार, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) के द्वारा कार्यक्रम में आये ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार एवं दवा वितरण किया गया I

विदित हो कि सशस्त्र सीमा बल वर्तमान में भारत- नेपाल, भारत-भूटान के अलावा जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और छत्तीसगढ़ समेत बिहार व झारखण्ड में नक्सल उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है साथ ही 33 वाहिनी वर्ष 2016 से जिला उत्तर बस्तर कांकेर में "रावघाट रेलवे परियोजना" की सुरक्षा के अलावा नक्सल उन्मूलन/ रक्षा सम्बन्धी कार्यो में छत्तीसगढ़ प्रशासन की मदद कर रही हैं। सशस्त्र सीमा बल आम जनता के दिल और दिमाग को जीतने के लिये सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं से जनता की मदद करती रही है। उक्त कार्यक्रम के दौरान श्री महेंद्र कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट 33 वाहिनी केवटी द्वारा ग्रामीण जन को उनकी समस्यायों को लेकर संवोधित किया गया तथा युवाओं को सुरक्षा बलों में भर्ती हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा आपसी समन्वय पर जोर दिया।

इस अवसर पर आईटीआई अंतागढ़ के प्राचार्य श्री प्रतीक साहू, प्रिशिक्षण समन्वयक श्री निलेश वर्मा तथा आईटीआई भानुप्रतापपुर के प्रशिक्षण अधिकारी श्री किशोर राणा, श्री बनवारी राम, रविकान्त आदिल, देवेन्द्र कुलदीप, प्रशिक्षक सीमा साहू एवं वसंत देवगन तथा ग्राम पंचायत बौन्दनार के सरपंच श्री मनकू दरो, तुमापाल के श्री वीर सिंह दरो तथा ताड़ोकी के श्री धर्म सिंह गावड़े एवं 33 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी के अधिकारीगण तथा अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान भी मौजूद रहे ।

## 19 युगलों का हुआ सामूहिक विवाह दिवस संस्कार



**धमतरी।** जिले में गांव-गांव चलाए जा रहे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ अभियान अंतर्गत कुरुद ब्लाक के ग्राम गातापार में वरिष्ठ आचार्य ओमप्रकाश द्वारा 13 दम्पतियों एवं चिंवरी में वरिष्ठ आचार्य परमानंद द्वारा 6 दम्पतियों का वैदिक रीति-रिवाज से सामूहिक विवाह दिवस संस्कार संपन्न कराया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गायत्री परिवार का यह आयोजन पति-पत्नी के आपसी संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने, उनके गृहस्थ जीवन को सफल एवं सुखमय बनाने और जीवन भर सुख-दुख में साथ निभाने के संकल्पों को दोहराते हुए एक दूसरे के गले में वरमाला पहनाकर अग्निकुंड के सात फेरे लेने का वह भावुक क्षण जीवन के लिए यादगार बन जाता है।

इसके अतिरिक्त गातापार में 3 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार, चिंवरी में 10 पुंसवन संस्कार, दीक्षा संस्कार 24, एवं 2 विद्यारंभ संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में श्रीमती साधना देवांगन प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी कुरुद, बंशीलाल यदु ब्लाक समन्वयक, टेकराम इकाई प्रमुख, सोहद्रा तारक, रुक्मणी साहू, नंदकुमार साहू, सेवक साहू, हेमन्त यादव, परमानंद साहू सहित गायत्री परिवार के परिजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

## स्कूली बच्चों ने चखा अंगूर नमकीन एवं लड्डू का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा



शासकीय माध्यमिक शाला रामपुर में न्योता भोज का आयोजन किया गया। अंगूर की व्यवस्था गोपालराम साहू प्रभारी प्रधानपाठक, नमकीन मिक्सचर की व्यवस्था कमललाल सार्वा शिक्षक, लड्डू की व्यवस्था कक्षा आठवीं की छात्रा नूतन, ओमिन, मेघा, गीतांजलि, वीणा एवं हेमलता द्वारा की गई थी। बच्चों ने एक दूसरे पर गुलाल लगाकर खुशियां बांटी। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश कुमार घृतलहरे, रोहित कुमार बघेल समेत अन्य उपस्थित थे।

## 72 पौवा शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बिरेझर चौकी एवं साइबर की संयुक्त टीम ने अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी बिरेझर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम परसट्ठी में एक व्यक्ति शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना पर बिरेझर पुलिस एवं साइबर की टीम परसट्ठी पहुंची और संदेही व्यक्ति को पकड़कर उससे पूछताछ की। युवक ने अपना नाम धनेश साहू पिता स्व. मंगलू साहू उम्र 53 निवासी परसट्ठी बताया। आरोपी के पास से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 39 पौवा देशी मशाला शराब, सफेद भूरे रंग के थैले में 33 पौवा अंग्रेजी ग्रांड कोलम्बिया व्हिस्की शराब कुल 72 पौवा कीमत 8250 रूपये एवं बिक्री रकम 1280 रुपये कुल 9530 रूपये जब्त किया गया। धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में साइबर प्रभारी निरीक्षक सनी दुबे, चौकी प्रभारी उनि चंद्रकांत साहू, सउनि दक्ष कुमार साहू, प्रआर लोकेश नेताम, आरक्षक दीपक साहू, योगेश नाग, मुकेश मिश्रा, मनोज साहू, गोपाल चंद्राकर सहित चौकी बिरेझर पुलिस का विशेष योगदान रहा।

## कंपनी ने दी मृत युवक के परिजनों को आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

कुल्हाड़ी निवासी भोजराज साहू पिता बलराम साहू की 7 मार्च को कुरूद नेशनल हाईवे 30 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। विशाखापट्टनम भारतमाला की सौरभ सागा ट्रेडिंग कंपनी में वह सुपरवाइजर का काम करता था। कंपनी के चंद्रप्रकाश शर्मा ने उनके परिवारजनों को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर युवराज साहू सरपंच, नंदकुमार साहू ग्राम पटेल, सियाराम साहू, रामलाल साहू, सरजूराम साहू, कृष्ण कुमार कोटवार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी मृतक के चाचा मोहनलाल साहू ने दी।

## हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों की अब खैर नहीं

- त्योहार एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कुरुद पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





आगामी होली, ईद त्योहार एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी के नेतृत्व में कुरुद पुलिस ने बाइक पेट्रोलिंग एवं फ्लैग मार्च निकाला। पैदल फ्लैग मार्च कुरूद के मुख्य चौक चौराहों से होते हुए वापस कुरूद थाना पहुंचा। फ्लैग मार्च में कुरुद थाना एवं पुलिस लाइन धमतरी के पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे।

आगामी होली, ईद त्योहार एवं लोकसभा चुनाव 2024 में आदर्श आचार संहिता के पालन करने सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए हैं। जनता में विश्वास कायम करने और चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है। पुलिस के इस फ्लैग मार्च से असामाजिक तत्वों में भय पैदा होगा और आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना जागृत होगी। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, डीएसपी श्रीमती रागिनी मिश्रा, थाना प्रभारी कुरुद निरीक्षक अरुण साहू सहित पुलिस बलों की संयुक्त टीम रही।

## थाना प्रभारियों ने ली शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- अपराधियों और हुडदंगियों पर लगेगी लगाम



जिले के थाना व चौकी प्रभारियों ने शांति समिति की बैठक लेकर शांतिपूर्ण त्योहार मनाने व आदर्श आचार संहिता का पालन करने की समझाइश दी है। त्योहारों को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने की तैयारियों के उद्देश्य से एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति समितियों की बैठक ली। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए आचार संहिता का पालन कर होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कहा गया। इस दौरान बताया गया कि दोपहिया में तीन सवारी, तेज गाड़ी चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कहा गया कि होली में नशीले पदार्थ का उपयोग न करें, किसी के ऊपर जबरन रंग न लगाएं, ग्रीस एवं कांचयुक्त रंगो का प्रयोग न करें, अश्लील हरकतों एवं शब्दों का उपयोग न करें, हुड़दंग, मारपीट, गाली गलौज, शोरशराबा से बचे। किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें। शहर व गांवों में वाहनों में तेज आवाज से म्यूजिक लगाकर हुड़दंग न करें। स्कूल कालेज की परीक्षाओं के चलते बिना अनुमति साउंड सिस्टम का उपयोग न करें। शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों से कहा गया कि यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों का सहयोग करें।

## सिटी बस के लिए चौथी बार टेंडर जारी

- जिले में 10 सिटी बस चलाने की योजना, लेकिन बस संचालन करने कोई सामने नहीं आ रहा
- कोरोनाकाल के पहले शहरी सार्वजनिक सोसायटी रायपुर द्वारा होता था संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



फाइल फोटो

धमतरी जिला अर्बन पब्लिक सोसाइटी के माध्यम से जिले में सिटी बस चलाने की योजना प्रस्तावित है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके लिए तीन बार टेंडर जारी किया गया, लेकिन तीनों बार टेंडर लैप्स हो गया। अब चौथी बार टेंडर जारी किया गया है।

निगम आयुक्त विनय पोयाम ने बताया कि जिले के विभिन्न रूटों में 10 सिटी बस चलाने की योजना है, लेकिन बस संचालन करने कोई सामने नहीं आ रहा है। सभी टेंडर लेप्स हो गए, अब फिर से संचालक की खोज में टेंडर जारी किया गया है। यह प्रक्रिया आचार संहिता लगने के पूर्व जारी की गई है। संचालक मिलने पर सिटी बस चालू कर दी जाएगी। उनका कहना है कि जिला प्रशासन सिटी बस चलाने पूरी गंभीरता दिखा रहा है, लेकिन संचालक इसमें रूचि नहीं ले रहे हैं।

विदित हो कि चार साल पहले जिले को 10 सिटी बसें मिली थीं जिसका संचालन शहरी सार्वजनिक सोसाइटी रायपुर द्वारा होता था। कोरानाकाल में यह सेवाएं स्थगित हो गई थीं। बसों को अर्जुनी स्थित डिपो में रखा गया। कुछ समय के बाद 6 बसें रायपुर भेजी गई। बची चार बसों की हालत भी कंडम हो गई। इसके बाद रिपेयरिंग के बहाने 3 बसें फिर रायपुर भेजी गईं।

एक बस कंडम हालत में अर्जुनी डिपो में खड़ी हुई है। लोगों की मांग पर शासन ने फिर से 10 नई सिटी बस धमतरी जिले को दी है। अब बस के संचालन के लिए संचालक खोजना जिला प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती है। यदि सिटी बसें चलती हैं तो आसपास के गांवों के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। निजी वाहनों के मुकाबले किराया भी 30 से 40 प्रतिशत कम रहेगा।

सिटी बस का संचालन धमतरी से कंडेल, दोनर, खरेंगा, कोलियारी से बस स्टैंड, नगरी से दुगली, धमतरी से गंगरेल, रूद्री, धमतरी से कुरूद मेघा, धमतरी से गुंडरदेही, गट्टासिल्ली, मगरलोड आदि स्थानों पर होगा।

पूर्व में 10 जगहों पर स्टापेज बनाया गया था। इसके लिए निगम प्रशासन ने 5 लाख रूपए खर्च किए थे। शहर के बस स्टैंड, नहरनाका, सिहावा चौक, रत्नाबांधा, मुजगहन चौक, अर्जुनी चौक, नगर निगम स्कूल चौक, अंबेडकर चौक, बठेना चौक, मिशन मैदान के पास सर्वसुविधायुक्त बस स्टापेज बनाया गया है।



## सदर में निकलेगी सेठजी की बारात

**धमतरी।** होली त्योहार को अनोखे ढंग से सेलिब्रेट करते हुए सदर बाजार में सेठजी की बारात निकाली जाएगी जिसमें सदर बाजार के एक दम्पति सेठ और सेठानी बनकर सूटबूट में सदर बाजार का भ्रमण करेंगे और लोगों से आशीर्वाद लेंगे। सदरबाजार में उन्हें घरों में उपहार भी मिलेगा। रात में सदरबाजारवासी सामूहिक भोज भी करेंगे।

## होली से पहले खुला बाइपास मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





होली से पहले ही बाईपास मार्ग को पूरी तरह से खोल दिया गया है। दोनों ओर से बड़ी और छोटी गाड़ियों की आवाजाही शुरू हो गई है। हाईटेंशन तार को हटाने का काम कम्पलीट हो गया है। अब छोटे-छोटे काम बचे हैं। इन कामों के लिए बाईपास को बंद नहीं किया जाएगा।

बाईपास निर्माण का काम 8 साल बाद पूरा हुआ लेकिन बाईपास में दो स्थानों पर हाईटेंशन लाइन गुजरी हुई थी। हाईटेंशन तार की उंचाई कम होने के कारण निर्माण के बाद भी बाईपास मार्ग को पूरी तरह से नहीं खोला गया था। 23 दिन के परिश्रम के बाद हाईटेंशन तार की उंचाई बढ़ाई गई। रविवार को अंततः बाईपास मार्ग को पूरी तरह से खोला गया। लाइन शिफ्टिंग के चलते 22 दिनों तक बाईपास को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। शनिवार से ही ट्रैफिक पुलिस, एनएचएआई के अधिकारी बाईपास को खोलने लिए जुटे हुए थे।

दोनों ओर कई स्थानों पर मलबा, मुरूम डालकर बाईपास को बंद किया गया था। जेसीबी की मदद से मलबा को हटवाया गया। अब बाईपास पूरी तरह से खुल गया है। इसमें बड़ी-छोटी सभी गाड़ियां दौड़ने लगी हैं।

### ट्रैफिक का दबाव होगा कम

जगदलपुर, बस्तर, उड़ीसा, आंधप्रदेश जाने के लिए एनएच-30 मुख्यमार्ग है जो शहर के बीच से गुजरा हुआ था। इससे शहर के भीतर ट्रैफिक की समस्या पैदा हो गई थी। बाईपास बनने के बाद भी इसे पूरी तरह से खोला नहीं गया था। इस मार्ग को एक साइड खोला गया था। लाइन शिफ्टिंग के दौरान बाईपास को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप



### बिजली कर्मी मेंटनेंस कार्य में जुटे

**मैनपुर।** होली पर्व पर बिजली बाधित न हो इसलिए बिजली विभाग मैनपुर के कर्मचारी दिनरात इन दिनों तपतपाती धुप में बिजली के मेंटनेश और सुधार कार्य कर रहे है। लगातार इन दिनों आंधी तूफान के कारण बिजली बंद हो जा रही है। जिसके कारण विभाग के कर्मचारी कार्य में लगे हुए है।

### दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका बनीं विनीता



**राजिम।** विनीता शर्मा को दुर्गावाहिनी, विश्व हिंदू परिषद के संयोजिका बनाया गया है। इन्हे संयोजिका बनाए जाने पर विश्व हिंदू परिषद, दुर्गावाहिनी के पदाधिकारियो ने बधाई शुभकामना दी।

### बम्हनी में मानसगान सम्मेलन 27 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम बम्हनी में समस्त ग्रामवासियों एवं ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य सगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 27 मार्च दिन बुधवार से 30 मार्च दिन शनिवार तक किया जा रहा है। इस त्रिदिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य संगीतमय मानस गान-सम्मेलन का आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा एवं दीप प्रज्वलन 27 मार्च दिन बुधवार समय शाम 06 बजे से किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक, राजिम विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षता रूप सिंह साहू सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा नेता विशिष्ट अतिथि प्रहलाद यदु कृषि सभापति, जनपद छुरा, सरपंच ग्राम पंचायत, द्वारतरा संदीप पांडे अध्यक्ष, भाजपा मंडल पांडुका वहीं तैयारी में समस्त ग्रामवासी लगे हुए हैं ।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने युवक से मारपीट करने के मामले में 4 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी मिलाप चौहान पिता मेहेत्तर (35) निवासी लुकापारा के साथ आरोपी राजकुमार चौहान, हरि चौहान, प्रेम चौहान व अन्य निवासी बेहरापाली ने हाथ मुक्का, पत्थर से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### रावनगुड़ा स्कूल में बच्चों ने खेली होली

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला रावनगुड़ा में हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। छात्र- छात्राओं ने एक दूसरे पर रंग लगाकर होली त्योहार की खुशियां बांटी। इस अवसर पर प्रधानपाठिका सुश्री सोहद्रा तारक, डुमन लाल बंजारे, रुसेंद्र तारक, रसोइया बृजबाई लहरे, मैना बाई साहू, भृत्य हीराराम समेत अन्य मौजूद थे।

### घटुला स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला घटुला में 88 बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन मोनू साहू द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अतंर्गत बच्चों ने पूरक पोषण आहार के तौर पर खीर, पूड़ी का आनंद लिया। पोषण आहार पाकर बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर संस्था प्रभारी नरेश कौशल, श्रीमती रुक्मणी साहू, शिक्षक मनोज पटेल, शिक्षक अब्दुल अज़ीज मेमन, समन्वयक संजय रेड्डी उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों को केला-अंगूर बांट

**बगदेही(धमतरी)।** प्राथमिक शासकीय एवं माध्यमिक शाला चोरभट्ठी में नरेन्द्र ने अपने पुत्र यश के जन्मदिन पर बच्चों को केला एवं अंगूर का वितरण किया। बच्चों इसका आनंद उठाया।

**पर्व : प्रधानपाठक ने कहा- बच्चे होली के रंगों को जीवन में आत्मसात करें**

# शिक्षकों और बच्चों के होली मिलन समारोह में हुई रंगों की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों और बच्चों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। फूलों व रंगों की होली से एक-दूसरे का अभिनंदन किया। स्कूली बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। होली मिलन समारोह को लेकर बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चे होली की धुन में रमे हुए थे। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सावधानीपूर्वक होली मनाने की बात कही। उन्होंने होली के दौरान कीचड़, केमिकलयुक्त रंग या गुलाल, वार्निस आदि का उपयोग न करने के लिए बच्चों को निर्देशित किया।

प्रधानपाठक पुष्पलता नायक ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे का प्रतीक हैं। उन्होंने होली के रंगों को जीवन में आत्मसात करने की बात कही।

प्रधानपाठक ने कहा कि हमें होली को केवल रंग लगाने मात्र तक सीमित नहीं रखना है, अपितु सच्चाई के मार्ग पर चलने का भी संकल्प लेना है। इसी तरह सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

संकुल केंद्र कामता के सभी शासकीय शालाओं के महिला शिक्षकों का होली मिलन भी आयोजित किया गया, जिसमें संकुल केंद्र की महिला शिक्षिकाएं कामता प्रधानपाठक मनीषा वर्मा, ऋचाबाला गुप्ता, मीनाक्षी देवांगन, हरिनभट्ठा से शिवकुमारी देवांगन, अर्चना साहू, शकुंतला साहू, पौंसरी से भारती वर्मा, लभाष जांगड़े, गुलशन कोसले, हेमिन यादव, सरिता लहसे, संतोषी सेन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्गा सेन और कीर्ति कोसले आदि मौजूद रहे।



### छात्र-छात्राओं ने जमकर खेली होली, लगाया गुलाल

**पलारी।** शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोत्सव के पर्व होली पर एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली के पर्व पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा की होली का त्योहार रंगों के त्योहार के अलावा आपसी प्रेम व सद्भावना बढ़ाने के लिए आता है। सभी को रंगों का त्योहार मिलजुलकर सद्भावना के साथ मनना चाहिए। रंगोत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने सहपाठियों को खूब रंग गुलाल लगाकर डीजे संगीत पर खूब थिरके। उक्त अवसर पर दीपक वर्मा, गेंदराम धीवर, योगेश कन्नौजे, अजय बंजारे, सुरेंद्र चेलक, किशन साहू, ओमप्रकाश सारंग, साहिल कुमार, नवीन साहू, अमन जोशी, नवीन घृतलहरे, शैलेंद्र साहू, संदीप एस कुमार, लक्की यादव, टिकेश्वर साहू, परमेश्वर साहू, युवराज यादव, लक्की वर्मा, टुकेश साहू, मनीष यादव, दुर्गेश सेन, आर्यन ठाकुर, संजय वर्मा, नवीन कुमार, चंद्रकांत साहू, नवीन देवांगन, नील कुमार, अमर मंडले, हेमंत वर्मा, बॉबी चेलक, पुनेश्वर साहू, आरती वर्मा, छमिता, डागेश्वरी, देविका, दुर्गेश्वरी, पूजा, माधुरी, कौशिल्या, खिलेश्वरी, सुषमा, गिरधर, अनुपमा, कामिनी, किरण जांगड़े राजकुमारी साहू, हिलेश्वरी साहू, हितेश देवांगन, खिलेंद्र कनौजे, उत्तम सूर्या सहित भारी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल थे।

### छात्रों को दी गई आगजनी से बचाव की जानकारी

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिर्री संकुल धिवरा के मिडिल स्कूल सिर्री में प्रभारी प्रधानपाठक सुश्री वन्दना शर्मा के मार्ग दर्शन में बच्चों को सुरक्षित शनिवार के तहत आगजनी से बचाव कैसे करें एवं होली पर्व को आनन्द पूर्वक मनाने की जानकारी शिक्षिका वन्दना शर्मा एवं कलावती ध्रुव द्वारा दी गई। इस मौके पर प्राथमिक शाला प्रधान पाठक गिरिधर प्रसाद साहू, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रतनलाल वर्मा, सावित्री वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, गायत्री देवांगन, कलावती वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, पूर्णिमा निषाद सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, मध्यान्ह भोजन समिति सदस्य मौजूद थे।




### अंचल में होली की धूम

**मैनपुर।** अंचल में होली पर्व का गजब उत्साह देखने को मिल रहा है। छोटे -छोटे बच्चे हाथों में रस्सी लेकर गली- मोहल्लों में लोगों को रोक रहें है और उन्हे गुलाल लगाकर होली की बधाई दे रहें हैं।



# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी मेडल व नकद राशि से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम सिर्रीखुर्द में आर्यन युवा मंच द्वारा सराहनीय प्रयास जारी हैं। खेलो इंडिया उभरती प्रतिभाओं की पहचान कीर्तिमान कार्यक्रम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व आह्वान से आयोजित किए गए।

इन्होंने युवाओं की बेहतर भविष्य निर्माण को सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रारम्भिक स्तर में गरियाबंद जिले के जो युवा खेल कुद, शारीरिक व्यायाम से अपने आप को फिट बना कर आगे करियर संवारने में रूचि रखते हैं, उनके लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। शनिवार और रविवार को आर्यन खेल ग्राउंड सिर्रीखुर्द में खेल कुद के विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मेडल व नगद राशि प्रदाय किया गया। वहीं अन्य सभी प्रतिभागी को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। समापन व पुरूरस्कार वितरण समारोह के मुख्यातिथि विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, अध्यक्षता होरीलाल साहू भाजपा थे। विजय कंडरा ने कहा खेलो से युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है। गरियाबंद जिले के हर कोने से प्रतिभा की खोज करना तथा युवाओं को मादक पदार्थों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फिजुल लत को रोकने के लिए खेल को एक प्रभावी उपाय के रूप में प्रयोग करना साबित होगा। खेलो इंडिया उभरती प्रतिभाओं की पहचान कीर्तिमान कार्यक्रम, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व आह्वान इसको और गति देगा। आयोजन के सुत्रधार रोहित कंडरा ने कहा कि विभिन्न सरकारी पदों पर निकली भर्ती हेतु युवाओं को प्रेरित करने के लिए जिला स्तरीय एथेलेटिक इवेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभा मूल्यांकन और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें उनके इस सोच को हर प्रयास में सहयोग रहेगा जिसमें गरियाबंद जिले के विभिन्न खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़ ,गोला फेंक,भाला फेंक, तवा फेंक का आयोजन रखा गया। 100 मीटर दौड़ में पारस तारक कोमा प्रथम द्वितीय ढालेंद्र ठाकुर गरियाबंद, तृतीय तेजेश्वर वर्मा तरीघाट, ऊंची कूद में धरमवीर ध्रुव रवेली प्रथम, द्वितीय ढालेंद्र ठाकुर गरियाबंद, तृतीय भेषमणी साहू सिर्रीखुर्द, लंबी कूद में तेजेश्वर वर्मा तरीघाट प्रथम द्वितीय पारस तारक कोमा, तृतीय ढालेंद्र ठाकुर गरियाबंद जिसमें विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि एवं मैडल से सम्मान किया गया। खेल का उद्देश्य खेल के प्रति रुचि व अग्निवीर, पुलिस भर्ती, सेना में जाने के लिए फिट हो युवाओं को प्रेरित करना है। यह प्रयास ग्राम सिर्रीखुर्द में जितने भी सरकारी नौकरी करते वो सभी व्यय वहन करते हैं। कार्यक्रम आयोजक ठाकुर राम वर्मा, दुर्गेश विश्वकर्मा, ऐनसिंग साहू, रोहित कंडरा, संतोष वर्मा, भूपेंद्र सोनी, धनेश्वर वर्मा, चुमेश्वर वर्मा, देवेंद्र वर्मा, हितेश कंडरा, ललित वर्मा, जितेंद्र कंडरा, किशोर, राजा, रुखमन वर्मा ,वाकेश, दिलीप वर्मा, निखिल, उमेश साहू, टोपेश साहू, रवि कंडरा का विशेष योगदान रहा।

- अग्निवीर, पुलिस भर्ती व सेना में जाने युवाओं को किया प्रेरित

# गांवों में अवैध रूप से बेची जा रही शराब, बिगड़ रहा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम थाना क्षेत्र का ऐसा कोई भी गांव नहीं है जहां अवैध रूप से शराब न बिक रहा हो। गांव-गांव में कोचिओं का जाल बिछा हुआ है। अवैध शराब के कारण हर गांव का माहोल दुषित हो चुका है। सभ्रांत लोगों का जीना हराम हो गया है। शाम होती ही जगह-जगह अंडे ठेलो और टपरानुमा होटलो में महफिलें सज जाती है। महिलाओं और लड़कियों को घर से निकलना दूभर हो जाता है। यदि कोई पर्व हो जाए तो गांव का माहोल और भी ज्यादा खराब हो जाता है। क्योंकि शराबी पीकर हुड़दंग मचाते है। लोगों से अभद्र व्यवहार गाली-गलौच करते भय पैदा करते है। शाम होने के बाद तो सड़क किनारे पुल-पुलियो में डिस्पोजल लेकर बैठने वालों की बड़ी भीड़ नजर आती है। शाम होने के बाद शराबियों का जमघट चप्पे-चप्पे पर लगता है। हर गांव में शाम होते ही शराबियों की भीड़ अण्डे और चखने के ठेलों पर लग जाती है।

आबकारी आयुक्त ने शराब की अवैध बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की हिदायत दी है, तो दूसरी ओर विभाग के अफसर इस आदेश को कितनी गंभीरता से ले रहे हैं, यह क्षेत्र के गांवों में शाम होने के बाद देखने को मिलता है। आबकारी आयुक्त के आदेश में यह बात साफ-साफ लिखा है कि होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक स्थलों में बिना लायसेंस के मदिरा रखना, मदिरा परोसना एवं मदिरा पान करना कानूनी अपराध है। पकड़े जाने पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1995 की धारा 34, 36 (क) तथा 36 (च) के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी भी इसमें है। इस आदेश का बोर्ड भी बाकायदा कई जगहों पर लगा हुआ था। आयुक्त के सख्ती के चलते अधिकांश होटलों में यह कारोबार लगभग बंद है, परंतु कुछ ऐसे भी टपरानुमा होटल, ठेले और सार्वजनिक जगह है, जहां यह कारोबार बदस्तूर जारी है। आबकारी आयुक्त के आदेश का दहशत कहें या पालन, शहर में तो देखने को मिल रहा है, परंतु ईलाके के गांव में न तो दहशत है और न ही कोई पालन करने को तैयार है। खुलेआम लोग शराब पी रहे हैं।

#### शराब पीते पकड़े जाने पर क्या है प्रावधान?

आबकारी अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थलों पर पहली बार शराब पीते पकड़े जाने पर 1 हजार से 5 हजार रुपए और दूसरी बार पकड़े जाने पर 5 से 10 हजार रुपए तक जुर्माना और 3 महीने के कारावास का प्रावधान है। ठीक इसी तरह 5 लीटर से अधिक शराब रखने पर पहली बार पकड़ाए जाने पर 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास और न्यूनतम 10 हजार से 50 हजार तक जुर्माने का प्रावधान है। दूसरी बार निर्धारित मात्रा से अधिक शराब रखने पर न्यूनतम 50 हजार से 2 लाख रुपए तक अर्थदंड और 1 से 5 वर्ष तक कारावास की सजा हो सकती है। बावजूद शहर के कई सार्वजनिक जगहों पर खुलेआम शराबखोरी रोजाना हो रही है। पुलिस गश्त के बावजूद खुलेआम सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन लगातार जारी है।

#### कार्यवाही करने के निर्देश

जिलों में स्थापित नियंत्रण कक्ष में स्टॉफ की उपस्थिति 24 घण्टे सुनिश्चित करने, मदिरा दुकानों को नियमानुसार समय में खोलने और बंद करने, दुकानों में निरीक्षण पुस्तिका, स्कंध पंजी और परमिट फाईलों का संधारण अनिवार्य रूप से करने तथा दुकानों के आसपास ठेलों में चखना आदि की बिक्री नहीं कराने और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने, ढाई हजार की आबादी वाले गांवों में शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा कोचियों द्वारा शराब की बिक्री किए जाने पर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश भी हैं। जिले के आबकारी विभाग द्वारा इस दिशा में कितने छापामारी किया गया है? कितना प्रकरण बना? यह देखने वाली बात होगी। आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर को क्षेत्र में लोग न तो कभी दौरा करते देखें हैं और न ही उन्हें पहचानते हैं। ऐसे में आबकारी आयुक्त के निर्देश का पालन किस हद तक हो पाएगा? यह समझने वाली बात है। आज की तारीख में क्षेत्र के हर गांव में संभ्रांत लोग एवं महिलाएं-युवतियां शराबियों से बहुत परेशान है।

### राजा निलेन्द्र ने किया भाजपा प्रवेश

**फिंगेश्वर।** मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सर्वाकार एवं फिंगेश्वर के राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह ने कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा प्रवेश किया है। इस अवसर पर भाजपा कार्यालय रायपुर मे भाजपा प्रदेश प्रभारी नीतिन नवीन ने भाजपा का गमछा डालकर उन्हे भाजपा प्रवेश कराया। वहीं पर उन्हे गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी गईं। इस अवसर पर पूर्व विधायक सौरभ सिंग, संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। भाजपा प्रवेश करने पर महासमुंद लोकसभा के प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू सहित राजिम विधान सभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई दी है।



### 5वीं की छात्रों को दी गई विदाई

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला बोरसी में बिदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाचवीं के छात्र -छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे प्राथमिक विद्यालय पाली के प्रधान पाठक कमलेज बघेल उपस्थित थे। उन्होंने कहा बच्चे हमेशा शिक्षक के ह्रदय में रहते है। बच्चों को देखकर शिक्षक को वहीं खुशी होती है जैसे किसान को अपने लहलहाते फसल को देखकर होती है।प्रधान पाठक आशा महोबिया ने कहा कि बच्चे भविष्य के राष्ट्र प्रहरी उन्हें संस्कार देना हमारा महती जिम्मेदारी है। शिक्षिका जितेंद्री यदु ने कहा बच्चे और शिक्षक एक दूसरे के पूरक होते है। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे शिक्षकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों द्वारा बच्चों को मुंह मीठा कराकर पेन कॉपी उपहार स्वरूप दिया। वहीं बच्चों ने भी शिक्षक को नारियल व मां सरस्वती की छायाचित्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षिका ध्रुव मेडम, पिलेश्वरी साहू, सुलोचना निषाद गणेश्वरी निषाद, धान बाई सिन्हा व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।



### क्षेत्र में होलिका दहन के साथ होली की मची धूम

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में होली पर्व की धूम मची हुई है। रविवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर के आमापारा में पूरे नगरवासी एकत्र होकर होलिका दहन किया। ग्रामवासी अपने -अपने घरों से पूजा सामान व लकड़ी लेंकर होली दहन करने पहुंचे।

जहां झाखर पुजारी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर होलिका जलाई गई तो वहीं नगर के कई स्थानों के साथ क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल भाठीगढ़ में भी पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। मैनुपर विकासखण्ड क्षेत्र में होलिका दहन के साथ होली पर्व की धूम मची हुई है तो वहीं फाग गीत नंगाड़े की थाप की आवाज चारों तरफ से आ रही है, मैनपुर नगर में पांच स्थानों पर होलिका दहन किया गया वही हरदीभाठा में भी बहुत ही विधिविधान के साथ पुजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया।





